प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक–05.11.2024 समय–7.10एएम

मुख्य समाचार :–

- राज्य सरकार नीति आयोग के साथ मिलकर विकसित मध्यप्रदेश एड द रेट 2407 दृष्टिपत्र करेगी तैयार।
- वन स्टाप सेंटर के तौर पर काम करेंगे पीएम समृद्धि किसान केन्द्र।
- प्रदेश में विधिक सहायता सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- लोक आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू। प्रदेश में उत्साह के साथ तैयारियां जारी।

नीति आयोग

अगले पाँच वर्षों में मध्यप्रदेश की जीडीपी 27.2 लाख करोड़ और 2047 तक इसे 250 लाख करोड़ तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। कल भोपाल में हुई नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रमण्यम और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच किक–स्टार्ट मीटिंग में प्रदेश के विकास का ठोस रोडमैप तैयार करने पर चर्चा हुई। इसमें तय किया गया कि विकसित मध्यप्रदेश/2047 विजन डॉक्यूमेंट भविष्य की आवश्यकताओं और चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए सावधानीपूर्वक तैयार किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक नागरिक को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन की उच्च गुणवत्ता की सुविधा मिलेगी। मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 के स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का आह्वान किया था। इसके तहत नीति आयोग के सहयोग से मध्यप्रदेश ने "विकसित मध्यप्रदेश/2047" विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री–छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सांझी संस्कृति को सहेजते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश दोनों राज्य सगे भाई है। दोनो राज्यों की साझा संस्कृति है, साथ ही साझा विचार और साझा राष्ट्रवादी भाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल रायपुर में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस समारोह राज्योत्सव को संबोधित कर रहे थे।

वन स्टाप केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीएम किसान समृद्धि केन्द्र वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। इनमें खाद, बीज, कृषि उपकरण और मिट्टी परीक्षण के अतिरिक्त खेती–किसानी से संबंधित अन्य जानकारियाँ भी उपलब्ध कराई जायेंगी। 3 सितम्बर को मुख्यमंत्री ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये थे। केंन्द्र पर हेल्प–डेस्क भी रहेगी। यहाँ से मृदा विश्लेषण और मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों के उपयोग की जानकारी मिलेगी। मौसम पूर्वानुमान की जानकारी मिलेगी। केन्द्र से फसल बीमा, ड्रोन, कृषि वस्तुओं की जानकारी के साथ अधिक लाभार्जन के लिये फसलों के पेटर्न के पैकेज संबंधी जानकारी भी मिलेगी।

सीधी में कार्रवाई

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सीधी में गर्भवती महिला को एम्बुलेंस सुविधा प्रदाय में देरी एक मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता त्वरित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। संबंधित एम्बुलेंस वाहनों के एक माह की परिचालन राशि काटी जाएगी साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी, सिविल सर्जन सीधी, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए विभागीय जांच की जा रही है।

बांधवगढ़ जांच

बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 6 विशेष दल बनाकर स्वस्थ हाथियों की मॉनीटरिंग की जा रही है। खितौली रेंज के बगदरा बीट में रेस्क्यू किये गये हाथी की वन्य–प्राणी चिकित्सकों द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। अपर मुख्य वन संरक्षक वन्य–जीव एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि हाथियों के मूवमेंट क्षेत्रों से लगे गाँवों में मुनादी करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी मृत हाथियों के बिसरा एवं पानी के नमूने आईबीआरआई जबलपुर, और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला सागर भेजे जा चुके हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही हाथियों की मृत्यु के कारणों का पता लग सकेगा। शासन के निर्णय अनुसार एसआईटी और एसटीएसएफ की टीमें हाथियों की मृत्यु के मामले के सभी संभावित पहलुओं पर लगातार जाँच कर रही है।

## विधिक सहायता

प्रदेश में कल से शुरू हुए विधिक सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिला एवं सत्र न्यायालय इंदौर न्यायोउत्सव मनाया जा रहा है। कल दोपहिया वाहन रैली से विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। आज वृद्धजनों में जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित होगा और कल विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में विधिक सेवा योजना के संबंध में समझ विकसित कर विधिक सेवा के क्षेत्र में उनकी जिम्मेदारी का बोध कराने के उद्देश्य से निबंध, चित्रकला, नुक्कड नाटक एवं क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। खंडवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्रीमती ममता जैन द्वारा बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। डिंडौरी, मुरैना और गुना में भी विधिक सेवा जागरूकता बाईक रैली के माध्यम से न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

## छठ पर्व

लोक आस्था का महापर्व छठ आज से नहाय–खाय के साथ शुरू हो रहा है। चार दिन के इस पावन अनुष्ठान में कल खरना का विधान संपन्न होगा। वृहस्पतिवार की संध्या अस्ताचलगामी सूर्य को और शुक्रवार प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पण करने के साथ ही महापर्व का समापन हो जाएगा। इंदौर शहर के 150 से अधिक घाटों पर छठ महोत्सव की तैयारी की गयी है। पर्व की शुरुआत आज पहले दिन श्रध्दा, संकल्प और स्वच्छता के प्रतीक नहाय–खाय पर्व के साथ हो गई है। अनूपपुर जिले भर में व्रतियों की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से नदी तालाबों में जोर –शोर से तैयारी की जा रही है। जिला मुख्यालय अनूपपुर के साथ जमुना भालूमाडा, कोतमा, बिजुरी,राजनगर मे इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। कोयलांचल क्षेत्र डूमरकछार निकाय अंतर्गत छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर चल रही है। नगरपरिषद के अध्यक्ष सुनील चौरसिया ने बताया कि...
बाईट सुनील चौरसिया, अध्यक्ष, नगरपरिषद डुमरकछार

## स्पेशल रेल

त्यौहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा लगभग 7500 विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियाँ चलाई गई थीं। स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मॉनेटरिंग एवं भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त वाणिज्य कर्मचारी और जीआरपी, रेल सुरक्षा बल के जवान लगाए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने बताया कि 3 नवंबर को रेलवे ने 188 से अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाईं। वहीं कल 185 विशेष गाड़ियाँ चलाई गई। इनमें आनंद विहार पटना एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक –दनापुर एक्सप्रेस, पुणे मुज़फ़्फ़रपुर एक्सप्रेस और 4 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से छपरा के बीच स्पेशल ट्रेन शामिल है।

## पीएम–कनाडा हमला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय राजनयिकों को धमकाने की कोशिश भी समान रूप से कायराना हरकत है।

## समाचार संक्षेप में .....

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में पहले एशियाई बौद्ध सम्मेलन में भाग लेंगी। दो दिन का यह सम्मेलन बौद्ध धर्म की समृद्ध विरासत को रेखांकित करेगा।
- आयकर अधिनियम की समीक्षा को लेकर आयकर विभाग को पिछले एक महीने के दौरान विभिन्न हितधारकों से साढ़े छः हजार से अधिक सुझाव मिले हैं। समीक्षा के लिए बजट में घोषणा की गई थी।

....................................